प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांक : 10.01.2026 समय : 01:00 पी.एम.

....

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह **ने स्वदेशी के मंत्र को** आत्मनिर्भरता की राह प्रशस्त करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि स्वदेशी चीजों का उपयोग ही देश को स्वावलम्बी और आत्मनिर्भर बनायेगा। इसके साथ ही श्री शाह ने स्वभाषा के प्रयोग पर भी बल दिया। गृह मंत्री आज जोधपुर में माहेश्वरी समाज के राष्ट्रीय अधिवेशन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रगति के लिए युवाओं को दूसरी भाषाएं भी सीखनी और बोलनी चाहिए, किन्तु मातृभाषा को नहीं भूलना चाहिए। गृहमंत्री ने कहा कि राष्ट्र को विकसित करने के लिए सभी समाजों को आगे आना होगा। हर समाज अगर अपने सदस्यों के सामाजिक और आर्थिक बदलाव के लिए मिलकर प्रयास करेगा तो देश का समन्वित विकास होगा।
मारवाड इंटरनेशनल सेंटर में हो रहे इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र को विकसित करने के लिए सभी समाजों को एकजुट होकर प्रयास करने होंगे।
कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और माहेश्वरी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप काबरा भी मौजूद है। श्री शाह इसके बाद जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी में कांस्टेबल नवनियुक्ति समारोह में भाग लेंगे। इसमें राजस्थान पुलिस में नव चयनित दस हजार कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्रों का वितरण किया जायेगा।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज से तीन दिन के गुजरात दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे **सोमनाथ स्वाभिमान पर्व** सहित कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे।
चार दिन का **सोमनाथ स्वाभिमान पर्व** गुरुवार को गिर सोमनाथ जिले के वेरावल में शुरू हुआ। इसका आयोजन एक हजार 26 ईस्वी में सोमनाथ मंदिर पर महमूद गजनी के हमले के एक हजार वर्ष पूरे होने पर किया जा रहा है।
श्री मोदी आज शाम सोमनाथ पहुंचेंगे और सोमनाथ मंदिर में ओंकार मंत्रोच्चारण में शामिल होंगे। वे मंदिर में ड्रोन–शो भी देखेंगे। कल, प्रधानमंत्री शौर्य यात्रा में शामिल होंगे। यह यात्रा अब तक सोमनाथ मंदिर की रक्षा करते हुए प्राणों की आहुति देने वाले योद्धाओं को श्रद्धांजलि के लिए आयोजित की जा रही है।

....

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा है कि देश के युवा एक मजबूत और समृद्ध राष्ट्र के निर्माण की प्रेरक शक्ति हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने **विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग** में देश के युवाओं से जुड़ने की उत्सुकता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि देश की युवा शक्ति, असाधारण उत्साह और अद्वितीय जोश से प्रेरित होकर राष्ट्र के विकास और प्रगति के लिए प्रतिबद्ध है।
प्रधानमंत्री सोमवार को नई दिल्ली में स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग–2026 के समापन सत्र में भाग लेंगे।

....

राज्य में बीते एक सप्ताह से सर्द हवाओं के साथ तेज सर्दी का दौर जारी है। वहीं घने कोहरे के कारण सुबह शाम के समय गलन बढ गई है और यातायात पर भी असर पडा है। सीकर और बीकानेर में राजमार्गो पर आज दृश्यता मात्र 30 से 50 मीटर के बीच रही। विजिबलिटी काफी कम रहने से सड़क, रेल और हवाई यातायात पर भी असर पड रहा है। घनी धुंध के कारण उदयपुर के डबोक हवाई अड्डे से दो उडाने रद्द की गई। मौसम विभाग ने आज 13 जिलों में घने कोहरे और शीतलहर का अलर्ट बताया है। अगले दो–तीन दिनों तक घना कोहरा बने रहने के आसार है। वहीं शेखावाटी क्षेत्र जयपुर और भरतपुर संभाग में शीतलहर का असर जारी रहेगा। इन इलाकों में तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट हो सकती है। इस बीच दौसा में आज न्यूनतम तापमान 3 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। नागौर, सीकर, सिरोही, अलवर, लूणकरणसर और पिलानी शीतलहर की चपेट में है। यहां न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस से नीचे रिकॉर्ड किया गया।

....